दिन—रविवार दिनांक— 05 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत— गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण दो हजार पच्चीस एक जुलाई से सफलतापूर्वक लागू हो गया है। मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए पच्चीस हज़ार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की। उन्होंने कहा कि मनरेगा को लागू होने में तीन साल से ज़्यादा का समय लगा था, जबकि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ़ एक दिन में लागू कर दिया गया। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत के विज़न को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए इस अधिनियम के तहत अगले पाँच सालों में दो लाख छयासी हजार पंचायतों में सात दशमलव पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राम विलास पासवान ने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राम विलास पासवान को जनसेवा और राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राम विलास पासवान का पूरा जीवन गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित था। लोजपा आर प्रमुख और केन्द्रीय चिराग पासवान ने कहा है कि स्वर्गीय रामविलास पासवान समाज के वंचित और दलित वर्गों के हिमायती थे और सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध थे।

———————————————————————————

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र चौबीस जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। मानसून सत्र के पहले दिन सदन में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के अनुपूरक बजट पेश किये जायेंगे। अगले कार्य दिवस में इसपर सामान्य वाद—विवाद होगा और मतदान के बाद इसको मंजूरी दी जायेगी। इधर, संसद का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा और तेरह अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीस जुलाई से संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लेने पर ध्यान दिया जाएगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल का तीसवां स्थापना दिवस आज प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने संदेश में कहा है कि पार्टी की स्थापना गरीबों, शोषितों और अकलियतों के अधिकारों की लड़ाई के उद्देश्य से की गयी थी। उन्होंने पार्टी की एकजुटता पर बल देते हुये कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने की अपील की है। श्री यादव ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण की सराहना की।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में चार साल की सजा सुनाई गई है। दिल्ली की एक अदालत ने सुनवाई करते हुए विधायक को इस मामले में दोषी करार देते हुये पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रूपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। गौरतलब है कि दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित राजू कुमार सिंह के भाई के फॉर्म हाउस में पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक महिला की मौत हो गई थी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने तरल प्राकृतिक गैस– एल एन जी की आपूर्ति से आपातकालीन पाबंदियां हटा ली हैं। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्धविराम के बाद होर्मुज जल डमरू मध्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने के बाद किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि प्राकृतिक गैस आपूर्ति नियमन आदेश में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के अंतर्गत उन खास आपातकालीन प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिनके अंतर्गत सरकार को देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस और आयातित एल एन जी के आवंटन में प्राथमिकता देने की अनुमति थी। होर्मुज जल डमरू मध्य से एल एन जी की खेप में रुकावट आने के बाद, इस साल मार्च में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत यह आपातकालीन आदेश जारी किया गया था।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।